हुकम	हुकम कार्यवाही मय इनिशियल्स जज राजस्व आवेदन पत्र संख्या 61/2021 अनवान मालाराम बनाम पूराराम वगैराह	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील मे जारी हुए
21.01.2022	पत्रावली प्रार्थीगण के अधिवक्ता द्वारा प्रार्थना पत्र वास्ते जरिये विड्रोल खारिज करने के संबंध में प्राप्त होने पर पेश हुई। प्रार्थीगण मालाराम पुत्र प्रहलादराम एवं चूनाराम पुत्र प्रहलादराम जातियान जाट निवासीयान कुर्जा तहसील व जिला बाड़मेर द्वारा निवेदन किया गया कि अनवान सदर का प्रार्थना पत्र अदालत हाजा में विचाराधीन है। यह है कि अनवान सदर के प्रकरण में पक्षकाराने के मध्य आपस में तस्फीया/राजीनामा हो चुका है। इसलिये प्रार्थीगण उक्त अस्थाई निषेधाज्ञा के प्रार्थना पत्र को आगे नही चलाना चाहते है। श्रीमान् जी से निवेदन है कि उपरोक्त प्रार्थना पत्र को जरिये विड्रोल खारिज करने का आदेश फरमावें। प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र को स्वीकार किया जाकर प्रार्थीगण का आवेदन इसी स्तर से विड्रो (Withdrawal) खारिज किया जाता है। प्रत्रावली फैसल सुमार होकर दाखिल दफतर की जाती है। आदेश सरे ईजलाश में सुनाया गया। सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक) बाड़मेर	मालाराम चुनाराम